## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, बागपत की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति" (DWSM) समिति की दिनांक–27.07.2026 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशो के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति"** की बैठक **दिनांक–27.07.2026** को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बागपत की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों के साथ सम्बंधित उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अभियन्तागण, फर्म/ एजेन्सियों के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, बागपत। – उपाध्यक्ष
2. श्री अरूण कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, बागपत। – सदस्य
3. श्री चन्द्रहास, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या0जल निगम (ग्रामीण), बागपत – सदस्य सचिव
4. श्री सर्वेश कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 ग्रान्ट वाटर, बागपत – सदस्य
5. श्री बाल गोविन्द यादव, जिला कृषि अधिकारी, बागपत। – सदस्य
6. श्री विवेक कुमार, सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, बडौत (बागपत) –
7. श्रीमति गीता चौधरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत। –
8. श्री सुरेन्द्र सिंह, रेंजर वन विभाग, बडौत (बागपत)।
9. डॉ0 मुकेश कुमार, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागपत।
10. शालू देओल, खण्ड विकास अधिकारी, खेकडा (बागपत)।
11. श्री डी0पी0 यादव, खण्ड विकास अधिकारी, बागपत।
12. श्री महेश चन्द गौड, खण्ड विकास अधिकारी, छपरौली/पिलाना (बागपत)।
13. श्री सहेन्द्र कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, बडौत/बिनौली (बागपत)।
14. श्री नवनीत सिंह, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्या0जल निगम (ग्रामीण), बागपत।
15. श्री विनित कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन।
16. श्री अनुज कुमार, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत।
17. श्री दिनेश जयसवाल, जनरल मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद।
18. श्री गौरव आर्य, अस्टिन्ट जनरल मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद।
19. श्री मोनू राणा, ग्रामीण विकास ट्रस्ट नोयडा(इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी)।
20. श्री एस0सी0 शुक्ला मै0 आर0एम0ई0 सोसाईटी, नई दिल्ली (इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी)।
21. श्री शौभित कुमार, डी0सी0, मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0डी0पी0एम0यू0, बागपत।
22. श्री हिमांशु शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 आरवी एशोसिएट्स, मेरठ (टी0पी0आई0)।
23. श्री विनीत कुमार, आईएसए कॉर्डिनेटर, मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0डी0पी0एम0यू0, बागपत।
24. श्री अजय कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0डी0पी0एम0यू0, बागपत।

**(i) डी0पी0आर0 विरचन कार्य:–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0–1197/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019, नमांमि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ



Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 21.05.2021 के द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, 409 इस्कॉन एलिगेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कोर्सिंग रोड, एस0जी0 हाइवे, अहमदाबाद द्वारा विस्तृत प्राक्कलन तैयार कराकर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराने है। पूर्व मे 07, 34, 05, 19, 09, 27, 07, 17, 11, 04, 28 एवं कुल 191 ग्रामों की 174 डी0पी0आर0 पाईप पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन सम्बंधित फर्म द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराये गये थे। जिन्हें जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दिनांक–07.06.2021, दिनांक– 09.07.2021, दिनांक–23.07.2021, दिनांक–31.07.2021, दिनांक–27.08.2021, दिनांक–12.10.2021, दिनांक–22.10.2021, दिनांक–16.09.2022, दिनांक–29.10.2022, दिनांक–18.11.2022, दिनांक–16.12.2022 एवं दिनांक–30.12.2022 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ को स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया था। जिसके सापेक्ष जनपद अन्तर्गत 191 ग्राम की 174 पाइप पेयजल योजनाओं की स्वीकृति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ द्वारा प्राप्त हो चुकी हैं।

**(ii) त्रिपक्षीय अनुबंध गठन/कवर एग्रीमेन्ट का निष्पादन :–**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे.वी. 409 इस्कॉन ऐलिगेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कॉसिंग रोड, एस.जी. हाइवें, अहमदाबाद द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से अद्यतन स्वीकृत 174 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष कुल 174 त्रिपक्षीय अनुबंध गठन किये जा चुके है।

**(iii) कवर अनुबंध के सापेक्ष पेयजल योजनाओं की कार्य स्थल पर निर्माण की स्थिति :–**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बागपत/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 174 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जाना है। 174 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 147 नग पेयजल योजनाओं में 149 नग अवर जलाशयो के निर्माण कार्य प्रस्तावित है तथा 27 नग पुर्नगठन योजनाओं में अवर जलाशयों के मरम्मत कार्य प्रस्तावित है। 149 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष 110 नग अवर जलाशयो के निर्माण कार्य पूर्ण है एवं 39 नग अवर जलाशय निर्माणाधीन है। उक्त 39 नग अवर जलाशय में से 06 नग जलाशय टॉप डॉम पर हैं, 11 नग बॉटम डॉम पर है, 17 नग अवर जलाशय स्टेजिंग लेवल पर है, 02 नग अवर जलाशय फाउन्डेशन लेवर पर है, जोकि धन उपलब्धता के आधार पर टाईम लाईन के अनुसार पूर्ण कर लिये जायेगें 03 नग अवर जलाशय भूमि विवाद के कारण बाधित है। कुल 174 नग पेयजल योजनाओं में 139 नग (110 नग नये , 29 नग पुर्नगठन) अवर जलाशय के निर्माण कार्य पूर्ण है, जिसमें से 90 नग अवर जलाशयो के माध्यम से फर्म द्वारा पेयजल आपूर्ति चालू की गयी है तथा 52 नग अवर जलाशयो में राइजिंग मैन एवं मैन पाईप लाइन जोडने का कार्य अवशेष है, जिनमें वर्तमान में सीधे पम्पिंग के माध्यम से पाइप लाइन टैस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 39 नग अवर जलाशयों के निर्माण कार्य तथा 52 नग अवर जलाशय जिनमें आपूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है के सम्बंध श्री चन्द्रहास, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजनाओं के अवशेष कार्यो पर मैनपावर बढ़ाते हुये शासन द्वारा निर्धारित नई टाईम लाइन के अनुसार पूर्ण कर लिये जायेगें। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि समय–समय पर पूर्ण की गयी योजनाओं एवं मरम्मत की गयी सडको के सत्यापन, जिला



Scanned with OKEN Scanner

स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित करायी जाये, इसके अतिरिक्त 03 ग्रामों जिनमें भूमि विवाद के कारण जलकल परिसर हेतु भूमि आवंटित की जानी है, के सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 03 ग्रामों एवं जिन ग्रामों में पाईप लाईन बिछान, जोईन्ट करने में ग्राम वासियों द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है उसकी सूची तैयार कर अधोहस्ताक्षरी के साथ–साथ समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को प्रेषित की जाये तथा उक्त समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराते हुये समस्या का समाधान किया जा सकें। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बागपत द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 174 पेयजल योजनाओं में से 59 नग पेयजल योजनायें का संचालन एवं अनुरक्षण फर्म द्वारा किया जा रहा है इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सडक पुर्नस्थापना, गृह सयोजना, अवशेष पाईप लाईन की सूची बनाकर उपलब्ध करायी जाये जिससे कि दिशा की बैठक से पूर्व उक्त कार्यो की जांच करायी जाये। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों में कार्य अवशेष बचा है उनके सब–कॉन्ट्रेक्टर, जल निगम एवं फर्म के अधिकरियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर ले तथा कार्यो की जांच अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बागपत द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जनजागरूकता गतिविधियों के संचालन हेतु 02 आई0एस0ए0 क्रमशः मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोयडा एवं मै0 आर0एम0ई0 सामुदायिक सहभागिता इकाई, नई दिल्ली चयनित है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पानी की बरबादी रोकने हेतु जल शुल्क वसूलने हेतु जोर दिया गया ताकि ग्रामवासी गैर जिम्मेदार तरीके से पानी का दोहन न करें। इस सम्बंध में उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रधान, सचिव, अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, आशा, आंगनबाडी, अध्यापक, शिक्षा मित्र, रसोईया, चपरासी एवं अन्य सरकारी संस्थाओं से जुडे समस्त व्यक्तियों को प्रेरित करते हुये रू0 50 प्रति माह की दरे से अधिक से अधिक जल मूल्य वसूलन तथा जल दोहन रोकने हेतु ग्रामवासियों को प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारियो एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत को मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एक जल सारथी ऐप बनाया गया है, इस ऐप के माध्यम से ग्रामीण जनता को जल जीवन मिशन योजना के वर्तमान का विवरण और जल निगम (ग्रामीण) कार्यो की जानकारी जैसे– गांव की टयूबवैल, पानी की टंकी, पाइप लाइन की लम्बाई, शिकायतो का विवरण, योजना से जुडे अधिकारियों का नाम, उसका सम्पर्क, नये नल कनेक्शन के लिए आवेदन करने की सुविधा तथा जिले में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा समय–समय पर की गई बैठकों की जानकारियों आदि को पढ़ने तथा डाउनलोड करने की सुविधा साथ–साथ अपना फीडबैक देने व बोलकर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक का समापन किया गया।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति बागपत

Scanned with OKEN Scanner

पृ0सं0 1995 / विविध–3 / 116 दिनांक–31-7-2026

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, प्रथम तल, मल्टीपरपज हॉल, किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
6. जिलाधिकारी, बागपत।
7. मुख्य विकास अधिकारी, बागपत।
8. जिला विकास अधिकारी, बागपत।
9. जिला वनाधिकारी, बागपत।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बागपत।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत।
12. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, बागपत।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, बागपत ।
14. जिला कृषि अधिकारी, बागपत।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, बागपत।
16. उपजिलाधिकारी, बागपत/बडौत/खेकडा।
17. खण्ड विकास अधिकारी, बागपत/बडौत/खेकडा/पिलाना/बिनौली/छपरौली।
18. मै0 एल0सी0 इन्फा प्राजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0,अहमदाबाद।
19. मै0 आर0एम0ई0 समुदाय बाल विकास सोसाईटी, नई दिल्ली–110044,
20. ग्रामीण विकास ट्रस्ट, ए–विंग, कृभको भवन, ए–10, सेक्टर 1 नोएडा, जिला–गोतमबुद्धन गर।
21. मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, मेघज टॉवर, आशियाना कानपुर रोड, लखनऊ–2260121

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति बागपत

Scanned with OKEN Scanner